1231.राजस्थान का नवलगढ़ (सीकर) खबरों में है क्योंकि –

(a) खरीफ मौसम की भरपूर फसल विशेषकर बाजरे के उत्पादन की

(b) राजस्थान सरकार ने सीमेन्ट निर्माताओं को जमीन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली है

(c) श्रावण महीनें में गीन्दड़ उत्सव शुरू किया गया है ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकें

(d) सरकार ने इस क्षेत्र के लिए एक निजी विश्वविद्यालय की स्वीकृति दी है

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — राजस्थान का नवलगढ़ (सीकर) खबरों में है क्योंकि सरकार ने इस क्षेत्र के लिए एक निजी विश्वविद्यालय की स्वीकृति दी थी।

1232.राजस्थान के एक राज्य का वह कौन-सा शासक था जिसने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

(a) महाराणा फतह सिंह (उदयपुर)

(b) महाराजा उम्मेद सिंह (जोधपुर)

(c) महाराजा मान सिंह द्वितीय (जयपुर)

(d) महाराजा गंगा सिंह (बीकानेर)

उत्तर : (d)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – बीकानेर के शासक महाराजा गंगा सिंह, मदनमोहन मालवीय के प्रिय मित्र थे, जिन्होंने मदन मोहन मालवीय के कहने पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के लिये काफी मात्रा में दान देकर इसके निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

1233. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय राजस्थान में कहाँ स्थित हैं?

(a) जोधपुर (b) क्रमशः कोटा एवं जयपुर

(c) क्रमशः जोधपुर एवं उदयपुर (d) उदयपुर

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – राजस्थान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना 2011 में जोधपुर में की गयी।

1234. राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रथम कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। यह कहाँ स्थापित किया गया है?

(a) अजमेर (b) सीकर (c) कोटा (d) जयपुर

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रथम कौशल विश्व विद्यालय की स्थापना जयपुर में की है। इस कौशल विश्वविद्यालय का नाम 'राजस्थान आई. एल. डी. कौशल विश्वविद्यालय' रखा गया है जिसकी स्थापना 2017 ई. में की गयी थी।

(ix) जनसंख्या (2011)/जनगणना

1235. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिले हैं - (अवरोही क्रम)

(a) जयपुर-जोधपुर-अलवर-नागौर

(b) जयपुर-जोधपुर-जयपुर-अलवर-नागौर

(c) जोधपुर-जपयुर-अलवर-नागौर

(d) अलवर-जयपुर-नागौर-जोधपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिले जयपुर, जोधपुर, अलवर एवं नागौर है। न्यूनतम जनसंख्या में जैसलमेर, प्रतापगढ़, सिरोही एवं बूंदी है। राजस्थान में सर्वाधिक जनघनत्व जयपुर जिले का तथा न्यूनतम जनघनत्व जैसलमेर (17) जिले का है।

1236. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में शिशु लिंगानुपात कितना था?

(a) 788 (b) 887

(c) 878 (d) 888

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में शिशु लिंगानुपात 888 था। राजस्थान में सर्वाधिक और सबसे कम शिशु लिंगानुपात वाले जिले जनगणना 2011 के अनुसार, क्रमशः बांसवाड़ा (934) और झुंझनू (837) है। जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान का लिंगानुपात 928 है।

1237. जनगणना-2011 के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति का जिले की कुल जनसंख्या में प्रतिशत सबसे कम पाया गया है?

(a) बीकानेर और अजमेर

(b) नागौर और चूरू

(c) बीकानेर और नागौर

(d) चूरू और गंगानगर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के बीकानेर (0.3%), नागौर (0.3%), चुरू (0.6%) जिलों में अनुसूचित जनजाति की प्रतिशतता न्यूनतम है। जबकि बांसवाड़ा (74.4%) सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति प्रतिशतता वाला जिला है।

1238. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान मं जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर क्या थी?

(a) 32.97% (b) 28.44%

(c) 28.41% (d) 21.31%

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 21.31% है। राजस्थान की कुल आबादी 68548437 है। राजस्थान दशकीय वृद्धि के संदर्भ में 11वीं स्थान पर है।

1239. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के किस जिले में न्यूनतम ग्रामीण लिंगानुपात था?

(a) जैसलमेर (b) पाली

(c) टोंक (d) धौलपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A